यह प्रेस नोट आज अर्थात 28 फरवरी,2017 अपराह्न 5.30 तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।

# राष्ट्रीय आय,2016-17के
# द्वितीय अग्रिम अनुमान और तीसरी तिमाही(क्यू 3)
# 2016-17के
# लिए सकल घरेलू उत्पाद के
# तिमाही अनुमानों पर
# प्रेस नोट

सत्यमेव जयते

**केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

भारत सरकार

**यह प्रेस रिलीज आज अर्थात् 28 फरवरी,2017 सांय 5.30 तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।**

**भारत सरकार**

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**

दिनांक 28 फरवरी, 2017

9फाल्गुन, 1938 शक

**प्रेस नोट**

# राष्ट्रीय आय,2016-17के द्वितीय अग्रिम अनुमान और तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसम्बर) 2016-17के लिए सकल घरेलू उत्पाद के तिमाही अनुमान

केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने स्थिर मूल्य (2011-12) और प्रचलित मूल्यों पर वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए राष्ट्रीय आय के द्वितीय अग्रिम अनुान जारी किए हैं, जो विवरण 1-4 में प्रस्तुत हैं ।

2. सकल घरेलू उत्पाद के द्वितीय अग्रिम अनुमान राष्ट्रीय लेखा@ कैलेण्डर के अनुसार जारी किए गए हैं । अग्रिम अनुमानों के संकलन संबंधित दृष्टिकोण बैंचमार्क-सूचक विधि पर आधारित है । क्षेत्र-वार अनुमान सूचकों केबाहय गणना जैसे कि (i) वित्तीय वर्ष के प्रथम 9 महीनों के औद्योगिक उत्पादन का सूचकांक (ii) दिसम्बर 2016 को समाप्त तिमाही तक उपलब्ध निजी कारपोरेट क्षेत्र में सूचीबद्ध कंपनियों का वित्तीय प्रदर्शन (iii) फसल उत्पादन के द्वितीय अग्रिम अनुमान(iv) वित्तीय वर्ष के प्रथम 9/10 महीनों के दौरान उपलब्ध केंद्रीय और राज्य सरकारों के लेखे-जोखे, बिक्री कर, जमा और ऋण, यात्रियों और सामान से रेलवे की कमाई,नागरिक उड्डयन द्वारा यात्री और माल ढुलाई प्रमुख बंदरगाहों पर माल-ढुलाई, वाणिज्यिक वाहनों की ब्रिकी आदि जैसे सूचकांकों संबंधी सूचना से प्राप्त किए जाते हैं ।

3. सकल घरेलू उत्पाद के व्यय घटकों के तदनुरूपी तिमाही अनुमानों के साथ स्थिर मूल्य (2011-12) और प्रचलित मूल्य दोनों पर 2016-17की तीसरी तिमाही अक्तूबर-दिसम्बर (क्यू 3) के लिए सकल घरेलू उत्पाद के तिमाही अनुमान भी जारी किए जा रहे हैं । पूर्व में जारी वर्ष 2016-17 की प्रथम और द्वितीय तिमाही अनुमानों के साथ-साथ संशोधित राष्ट्रीय लेखा नीति के अनुसार पूर्ववर्ती वर्षों के तिमाही अनुमानों में भी संशोधन किया गया है । वर्ष 2014-15,2015-16और 2016-17के लिए तिमाही अनुमानों को विवरण 5 से 8 तक में प्रस्तुत किया गया है ।

4. स्थिर मूल्य (2011-12) और प्रचलित मूल्य दोनों पर 2016-17की प्रथम,द्वितीय और तीसरी तिमाही के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दरें नीचे दी गई हैं:

| **सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर** | | |
|---|---|---|
| | स्थिर मूल्य (2011-12) | प्रचलित मूल्य |
| वार्षिक 2016-17(दवितीयअग्रिम) | 7.1 | 11.5 |
| पहली तिमाही2016-17(अप्रैल-जून) | 7.2 | 10.8 |
| दूसरी तिमाही 2016-17(जुलाई-सित.) | 7.4 | 11.8 |
| तीसरी तिमाही 2016-17(अक्तू.-दिस.) | 7.0 | 10.6 |

## I राष्ट्रीय आय,2016-17के द्वितीय अग्रिम अनुमान

### क. स्थिर मूल्य (2011-12) पर अनुमान

***सकल घरेलू उत्पाद***

5. वर्ष 2016-17मेंस्थिर मूल्य (2011-12) पर वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद या सकल घरेलू उत्पाद के 121.65 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंचने की संभावना है, इसके विपरीत 31 जनवरी,2017 को जारी वर्ष 2015-16के लिए सकल घरेलू उत्पाद का प्रथम संशोधित अनुमान 113.58 लाख करोड़ रुपए का था। वर्ष 2016-17के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में 2015-16के 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है ।

**बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन**

6. वास्तविक सकल मूल्यवर्धन अर्थात बुनियादी स्थिर मूल्य (2011-12) पर सकल मूल्यवर्धन जो 2015-16में 104.70 लाख करोड़ रुपए था उसके 2016-17 में बढ़कर 111.68 लाख करोड़ रुपए होने की उम्मीद है । वर्ष 2016-17में बुनियादी मूल्य पर वास्तविक सकल मूल्यवर्धन की प्रत्याशित वृद्धि 6.7 प्रतिशत है जबकि2015-16में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी ।

7. जिन क्षेत्रों में 7.0 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की संभावना है उनमें 'लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं','विनिर्माण' और 'व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से जुड़ी सेवाएं हैं ।'कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन','खनन और उत्खनन','विद्युत, गैस, जल आपूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवाएं','निर्माण'और वित्तीय, जमीन-जायदाद और व्यावसायिक सेवाओं में वृद्धि दर क्रमश: 4.4 प्रतिशत,1.3 प्रतिशत,6.6 प्रतिशत, 3.1 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत होने का अनुमान है ।

**8. उद्योग का विश्लेषण**

***कृषि***

8.1 'कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन' के क्षेत्र में वर्ष 2016-17के दौरान सकल मूल्यवर्धन में 4.4 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है जबकि पिछले वर्ष यह वृद्धिदर 0.8 प्रतिशत थी । इस क्षेत्र के सकल मूल्य वर्धन अनुमानों का संकलन 2016-17 के खाद्यान्नों के उत्पादन के संबंध में द्वितीय अग्रिम अनुमानों का प्रयोग करके किया गया है । कृषि और सहकारिता विभाग (डीएसी) द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के अनुसार कृषि वर्ष 2016-17 में खरीफ और रबी ऋतुओं के दौरान खाद्यानों के उत्पादन में पिछले कृषि वर्ष में क्रमश: 2.3 प्रतिशत की गिरावटऔर 2.0 प्रतिशत की बढ़ोतरी की तुलना में उत्पादन में क्रमश: 9.9 प्रतिशत और 6.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी । 'कृषि, वानिकी तथा मत्स्यन' सेक्टर में सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 60.0 प्रतिशत फलों और सब्जियों सहित फसलों की हिस्सेदारी है । इस सेक्टर के सकल मूल्य वर्धन का लगभग 40.0 प्रतिशत पशुधन उत्पादों, वानिकी तथा मछली पालन पर आधारित है जिसकी वर्ष 2016-17 में 4.2 प्रतशित अधिक की संयुक्त वृद्धि दर्ज करने की प्रत्याशा है ।

***खनन और उत्खनन***

8.2 'खनन और उत्खनन'सेक्टर में वर्ष 2016-17के लिए बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन में वृद्धि वर्ष 2015-16 में 12.3 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में 1.3 प्रतिशत होने का अनुमान है । खनन सेक्टर के मुख्य संकेतकों नामत: कोयला उत्पादन, कच्चा तेल तथा प्राकृतिक गैस की वृद्धि दर अप्रैल-दिसम्बर

2015-16के दौरान क्रमश: 4.5 प्रतिशत, (-)0.8 प्रतिशत तथा(-)2.8 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-दिसम्बर 2016-17 के दौरान क्रमश: 2.0 प्रतिशत, (-)3.2 प्रतिशत तथा(-)3.3 प्रतिशत दर्ज की गई है । अप्रैल-दिसम्बर2015-16में आईआईपी खनन में 2.3 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-दिसम्बर2016-17 में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई । खनन सेक्टर के निजी कार्पोरेट सेक्टर में वृद्धि मापने हेतुप्रमुख सूचीबद्ध कम्पनियों के वर्ष 2016-17के प्रथम नौ माह की सूचना प्रयोग की गई थी ।

***विनिर्माण***

8.3 'विनिर्माण' सेक्टर से वर्ष 2016-17 के लिए बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन में वृद्धि, वर्ष 2015-16में 10.6 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में 7,.7 प्रतिशत होने का अनुमान है ।सूचीबद्ध कंपनियों के उपलब्ध आंकड़ों से यथा अनुमानित निजी कार्पोरेट सेक्टर वृद्धि (जिसमें विनिर्माण सेक्टर में लगभग 71.0 प्रतिशत शेयर है) अप्रैल-दिसम्बर 2016-17 में वर्तमान मूल्यों पर 12.9 प्रतिशत था। अर्ध कार्पोरेट तथा असंगठित खण्ड से सकल मूल्य वर्धन (जिसमें विनिर्माण सेक्टर का लगभग 21.5 प्रतिशत शेयर है) विनिर्माण के आईआईपी का उपयोग करके अनुमान लगाया गया है । विनिर्माण सेक्टर से आईआईपी अप्रैल-दिसम्बर2016-17 के दौरान (-) 0.5 प्रतिशत की विकास दर दर्ज की गई है। विनिर्मित उत्पादों के थोक मूल्य सूचकांक में अप्रैल-जनवरी, 2015-16 के दौरान (-) 1.3 प्रतिशत के मुकाबलेअप्रैल-जनवरी, 2016-17 के दौरान 2.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई ।

***विद्युत, गैस, जलापूर्ति तथा अन्य उपयोगी सेवाएं***

8.4 'विद्युत, गैस, जलापूर्ति तथा अन्य उपयोगी सेवाओं' से 2016-17 के लिए बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन वर्ष 2015-16में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 6.6 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है । इस सेक्टर के प्रमुख संकेतक नामत: विद्युत का आईआईपी अप्रैल-दिसम्बर2015-16 के दौरान 4.5 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले अप्रैल-दिसम्बर 2016-17 में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी ।

***निर्माण***

8.5 निर्माण सेक्टर में वर्ष 2016-17 के बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन वर्ष 2015-16में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 3.1 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है । निर्माण सेक्टर के प्रमुख संकेतकों नामत: सीमेंट का उत्पादन तथा परिष्कृत स्टील के उपयोग में अप्रैल-दिसम्बर 2016-17 के दौरान क्रमश: 2.8 प्रतिशत और3.3 प्रतिशत कीबढ़ोतरी दर दर्ज की गई ।

***व्यापार, होटल और परिवहन एवं संचारतथा प्रसारण से संबंधित सेवाएं***

8.6 इस सेक्टर में वर्ष 2016-17के बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन वर्ष 2015-16में 10.7 प्रतिशत के विकास की तुलना में 7.3 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है । ट्रेड सेक्टर के सकल मूल्य वर्धन के अनुमान लगाने हेतु प्रमुख संकेतक बिक्री कर वृद्धि है । सीएजीवेबसाइटपर उपलब्ध राज्य लेखाओं पर उपलब्ध मासिक आंकड़ों के अनुसार, बिक्री कर संग्रहण में अप्रैल-दिसम्बर2016-17के दौरान 10.7 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई । होटल और रेस्तरां सेक्टर के सकल मूल्य वर्धन आकलन हेतु प्रयुक्त संकेतक इस सेक्टर में निजी कार्पोरेट बढ़ोतरी है । अन्य सेवा सेक्टरों में रेलवे के प्रमुख संकेतकों नामत: निवल टन किलोमीटर तथा यात्री किलोमीटर में अप्रैल-दिसम्बर 2016-17के दौरान क्रमश: (-)7.2 प्रतिशत और (-) 0.8 प्रतिशत वृद्धि दर दर्शायी है। अन्य परिवहन सेक्टरों के मामले में, नागर विमानन द्वारा यात्रियों की आवा-जाही, नागर विमानन द्वारा संचालित कार्गो तथा प्रमुख बंदरगाहों पर संचालित कार्गो में अप्रैल-दिसम्बर,2016-

17के दौरान क्रमशः 19.6 प्रतिशत,10.3 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में अप्रैल-दिसम्बर,2016-17के दौरान 3.5प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई ।

***वित्तीय, बीमा, रियल एस्टेट तथा व्यावसायिक सेवाएं***

8.7 इस सेक्टर में वर्ष 2016-17के बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन वर्ष 2015-16 में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 6.5 प्रतिशत तक वृद्धि अनुमानित है । इस उद्योग का प्रमुख घटक 71.0 प्रतिशत के शेयर वालीरियल एस्टेट तथा व्यावसायिक सेवाएं हैं । इस सेक्टर के प्रमुख संकेतक रीयल एस्टेट सेक्टर तथा कम्प्यूटर संबंधित क्रियाकलापों के कार्पोरेट सेक्टर की त्रैमासिक वृद्धि है जिसे सूचीबद्ध कंपनियों के वर्ष 2016-17के पहले नौ माह के लिए नवीनतम उपलब्ध सूचना पर आकलित किया गया है। फरवरी 2017 तक की उपलब्ध सूचना के अनुसार, सकल बैंक जमाओं तथा बैंक क्रेडिटक्रमशः 13.5 प्रतिशत तथा 5.0 प्रतिशत थी ।

***लोक प्रशासन और रक्षा व अन्य सेवाएं***

8.8 इस सेक्टर में बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन वर्ष 2015-16के 6.9 प्रतिशत की विकास दर की तुलना में 2016-17 में 11.2 प्रतिशत तक वृद्धि अनुमानित है । इस सेक्टर के प्रमुख संकेतक नामतः संघ सरकार राजस्व व्यय निवल ब्याज के भुगतान में अप्रैल-दिसम्बर 2015-16में 0.4 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-दिसम्बर 2016-17 के दौरान 16.9 प्रतिशत तक वृद्धि हुई ।

***प्रति व्यक्ति आय***

10. वर्ष 2016-17के दौरान वास्तविक रूप में (2011–12 मूल्यों पर) प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2015-16के लिए 77,524 की तुलना में 82,112 के स्तर प्राप्त करने की संभावना है । प्रति व्यक्ति आय की विकास दर पिछले वर्ष में 6.6 प्रतिशत की तुलना में 2016-17 के दौरान 5.9 प्रतिशत अनुमानित है ।

**10. अपस्फीति कारकों के रूप में प्रयुक्त मूल्य सूचकांक**

खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों, विद्युत तथा सभी वस्तुओं के संबंध में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) अप्रैल-दिसम्बर 2016-17 के दौरान क्रमशः 5.4 प्रतिशत,2.4 प्रतिशत,(-) 1.4 प्रतिशत और 3.1 प्रतिशत तक बढ़ाहै । उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में अप्रैल-जनवरी 2016-17 के दौरान 4.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी है ।

**ख. वर्तमान मूल्यों पर अनुमान**

***सकल घरेलू उत्पाद***

11. सकल घरेलू उत्पाद बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन को उत्पादों पर निवल रियायती उत्पादों संबंधी करों को जोड़कर आकलित किया जाता है । वर्ष 2016-17में वर्तमान मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद वर्ष2015-16में 136.75 लाख करोड़रुपए की तुलना में 152.51 लाख करोड़ रु. तक पहुंचने की संभावना है जो कि 11.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है ।

**राष्ट्रीय आय**

12. सांकेतिक निवल राष्ट्रीय आय जिसको राष्ट्रीय आय (वर्तमान मूल्यों पर) भी कहा जाता है के वर्ष

2015-16के लिए 120.83 लाख करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 2016-17के दौरान 134.86 लाख करोड़ रुपए होने की संभावना है । वृद्धि दरों के रूप में राष्ट्रीय आय में पिछले वर्ष के 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में वर्ष2016-17 में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है ।

**प्रति व्यक्ति आय**

13. वर्ष 2016-17के दौरान प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय 103,818 रुपए आंकी गई हैं, जो वर्ष 2015-16के 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 94,178 रुपए की तुलना में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है ।

**IIसकल घरेलू उत्पाद पर अंतिम व्यय के वार्षिक अनुमान,2016-17**

14. आर्थिक गतिविधि द्वारा बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन के अग्रिम अनुमानों के साथ वर्तमान और स्थिर (2011-12) मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद के व्यय के द्वितीय अग्रिम अनुमान भी जारी किए गए हैं । इन अनुमानों का संकलन उन्हीं स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों का प्रयोग करते हुए किया गया है जिनका प्रयोग आर्थिक गतिविधि, आयात और निर्यात के संबंध में पण्य व्यापार पर उपलब्ध विस्तृत आंकड़ों, भुगतान शेष तथा केंद्र सरकार के व्यय हैं । चूंकि सकल घरेलू उत्पाद नामत: उपभोक्ता व्यय और पूंजी निर्माण पर विभिन्न व्यय घटकों का सामान्यत: बाजार मूल्यों पर आकलन किया जाता है निम्नलिखित पैराग्राफों पर चर्चा मात्र बाजार मूल्यों के विषय में है ।

**निजी अंतिम उपभोग व्यय**

15. वर्ष 2016-17में वर्तमान मूल्यों पर निजी अंतिम उपभोग व्यय 2015-16के79.00 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 88.40 लाख करोड़ रुपए आंकी गयी है। वर्ष 2016-17में स्थिर मूल्यों (2011-12) पर निजी अंतिम उपभोग व्यय 2015-16के 63.66 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 68.26 लाख करोड़ रुपए आंकी गयी है । सकल घरेलू उत्पाद के रूप में,2016-17के दौरान वर्तमान औरस्थिर मूल्यों (2011-12) पर निजी अंतिम उपभोग व्यय की दरें क्रमश: 58.0 प्रतिशत और 56.1 प्रतिशत आंकी गई हैं, इसकी तुलना में 2015-16में तदनुरूपी दरें क्रमश: 57.8प्रतिशत और 56.1 प्रतिशत थीं ।

**सरकारी अंतिम उपभोग व्यय**

16. वर्ष 2016-17में वर्तमान मूल्यों पर सरकारी अंतिम उपभोग व्यय 2015-16में 14.12लाख करोड़ रुपए की तुलना में 17.23लाख करोड़ रुपए आंका गया है। वर्ष 2016-17में स्थिर मूल्यों (2011-12) पर सरकारी अंतिम उपभोग व्यय 2015-16में 11.03 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 12.91 लाख करोड़ रुपए आंका गया है । सकल घरेलू उत्पाद के रूप में 2016-17के दौरान वर्तमानऔर स्थिर (2011-12) मूल्यों पर सरकारी अंतिम उपभोग व्यय की दरें क्रमश: 11.3 प्रतिशत और 10.6 प्रतिशत आंकी गई हैं, इसकी तुलना में 2015-16में तदनुरूपी दरें क्रमश: 10.3प्रतिशत और 9.7 प्रतिशत थीं ।

**सकल नियत पूंजी निर्माण**

17. वर्ष 2016-17में वर्तमान मूल्यों पर सकल नियत पूंजी निर्माण 2015-16 में 39.89 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 40.97 लाख करोड़ रुपए आंका गया है। वर्ष 2016-17में स्थिर मूल्यों(2011-12) पर सकल नियत पूंजी निर्माण 2015-16में 35.35 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 35.55 लाख करोड़ रुपए आंका गया है । सकल घरेलू उत्पाद के रूप में 2016-17के दौरान वर्तमान और स्थिर मूल्यों (2011-12) पर सकल नियत पूंजी निर्माण की दरें क्रमश: 26.9 प्रतिशत और 29.2 प्रतिशत आंकी गई हैं, इसकी तुलना में 2015-16में तदनुरूपी दरें क्रमश: 29.2प्रतिशत और 31.1 प्रतिशत थी । उम्मीद है कि सकल नियत

पूंजी निर्माण की दर में वर्तमान मूल्यों पर 2.7 प्रतिशत और स्थिर मूल्यों पर 0.6 प्रतिशत की वृद्धि होगी ।

18. स्थिर (2011-12) और वर्तमान मूल्यों पर वर्ष 2014-15 और 2015-16तथा 2016-17के लिए आर्थिक गतिविधियां और सकल घरेलू उत्पाद पर व्यय के द्वारा बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन के साथ-साथ सकल/निवल राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय के अनुमान विवरण 1 से 4 पर दिए गए हैं ।

**III वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसम्बर) के लिए सकल घरेलू उत्पाद के तिमाही अनुमान:**

**(क) स्थिर मूल्यों (2011-12) पर अनुमान**

19. वित्तीय वर्ष की तीन तिमाहियों को पहलीतिमाही, दूसरी तिमाही और तीसरी तिमाही Q1, Q2 और Q3 कहा जाता है । वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही में स्थिर मूल्यों (2011-12) पर सकल मूल्य वर्धन 2015-16की तीसरीतिमाही में 28.31 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 30.28 लाख करोड़रुपए आंका गया है जो 7.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है ।वर्ष 2016-17 की तीसरी तिमाही स्थिर मूल्य (2011-12) पर बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन वर्ष 2015-16की तीसरी तिमाही के 26.28 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 28.02 लाख करोड़ रुपए अनुमानित है जो 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है ।

20. विभिन्न क्षेत्रों में वृद्धि दरें इस प्रकार हैं: 'कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन' (6.0 प्रतिशत),'खनन और उत्खनन' (7.5 प्रतिशत),'विनिर्माण'(8.3 प्रतिशत),'विद्युत,गैस और जल आपूर्ति तथा अन्य उपयोगी सेवाएं' (6.8 प्रतिशत),'निर्माण' (2.7 प्रतिशत),'व्यापार,होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं (7.2 प्रतिशत),'वित्तीय,रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं (3.1 प्रतिशत) तथा लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं (11.9 प्रतिशत)।

21. 2016-17 के दौरान खनन**,** विनिर्माण तथा विद्युत के संसूचकों की अनुमानित वृद्धि वर्ष 2016-17 की तीसरी तिमाही में क्रमश: 2.8 प्रतिशत**,**0.2 प्रतिशत और 5.2 प्रतिशत है ।

22. वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही में रेलवे के मुख्य संकेतकों अर्थात निवल टन किलोमीटर और यात्री किलोमीटर की वृद्धि दर में क्रमश: (-)4.8 प्रतिशत और(-)1.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी गई है, इसकी तुलना में पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि में वृद्धि दर क्रमश(-)6.9 प्रतिशत और 0.8 प्रतिशत थी । वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही में परिवहन और संचार के क्षेत्रों, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री और प्रमुख बंदरगाहों पर संचालित किए जाने वाले कार्गो में क्रमश: (-)1.1 प्रतिशत और 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई ।

23. वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाहीमें स्थिर मूल्यों (2011-12) पर पीएफसीई और जीएफसीई क्रमश: 17.78 लाख करोड़ रुपए और 8.80 लाख करोड़ रुपए आंके गए हैं । वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की प्रतिशतता के रूप में पीएफसीई और जीएफसीई की दरें क्रमश: 58.7 प्रतिशत और 29.1 प्रतिशत हैं, इसकी तुलनामें वर्ष 2015-16की तीसरी तिमाही में तदनुरूपी दरें क्रमश: 57.1 प्रतिशत और 30.0 प्रतिशत थी ।वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही स्थिर (2011-12) मूल्यों पर जीएफसीई वर्ष 2015-16की तीसरी तिमाही के2.64 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 3.17 लाख करोड़ अनुमानित है । वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के जीएफसीई की दरें 10.5 प्रतिशत है जबकि वर्ष 2015-16 कीतीसरी तिमाही की तदनुरूपी अवधि के दौरान यह 9.3 प्रतशित थी ।

**(ख) वर्तमान मूल्यों पर अनुमान**

24. वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही में वर्तमान मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद 38.14 लाख करोड़ रुपए आंका गया है जबकि 2015-16 की तीसरी तिमाही में यह 34.47 लाख करोड़ रुपए था जो 10.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है । वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही में वर्तमान बुनियादीमूल्योंपर सकल मूल्य वर्धन 34.90 लाख करोड़ रुपए था जबकि 2015-16की तीसरी तिमाही में यह 31.71 लाख करोड़ रुपए था जो 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है ।

25. वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही में वर्तमान मूल्यों पर पीएफसीई और जीएफसीई क्रमश: 23.13 लाख करोड़ रुपए और 10.18 लाख करोड़ रुपए अनुमानित है । वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशतके तौर पर पीएफसीई और जीएफसीई की दरें क्रमश: 60.7 प्रतिशत और 26.7 प्रतिशत अनुमानितहैं,जबकि 2015-16की तीसरी तिमाही में तदनुरूपी दरें क्रमश: 58.7 प्रतिशत और 27.9 प्रतिशत थी । वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही में वर्तमान मूल्यों पर जीएफसीई की दरें 4.27 लाख करोड़ रुपए अनुमानित है,जबकि 2015-16की तीसरी तिमाही में यह 3.44 लाख करोड़ रुपए थी । वर्ष 2016-17की तीसरी तिमाही में जीडीपी की प्रतिशत के तौर पर जीएफसीई की दरें 11.2 प्रतिशत है जबकि 2015-16की तीसरी तिमाही की तदनुरूपी अवधि के दौरान यह 10.0 प्रतिशत थी।

26. स्थिर (2011-12) और वर्तमान मूल्यों पर वर्ष 2014-15,2015-16तथा 2016-17के लिए द्वितीय अग्रिम अनुमानों,तीसरी तिमाही और अप्रैल-दिसम्बर के लिए आर्थिक गतिविधियां और सकल घरेलू उत्पाद पर व्यय के रूप में बुनियादीकीमतोंपर सकल मूल्य वर्धन के साथ-साथ सकल/निवल राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय के अनुमान, विवरण 1 से 12 पर दिए गए हैं ।

27. जनवरी-मार्च 2017 की तिमाही (2016-17की चौथी तिमाही) के लिए सकल घरेलू उत्पाद के तिमाही अनुमान और वर्ष 2016-17के लिए अनंतिम वार्षिक अनुमान **31.05.2017** को जारी किए जाएंगे ।

**यह प्रेस रिलीज आज अर्थात् 28 फरवरी,2017 सांय 5.30 तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।**

**विवरण 1: राष्ट्रीय आय तथासकल घरेलू उत्पाद परव्यय के दूसरे अग्रिम अनुमान 2016-17**

**(2011-12 मूल्यों पर) (करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | मद | 2014-15 (2रासं.अनु.) | 2015-16 (पहला सं. अनु.) | 2016-17 (2रा अ.अनु.) | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव 2015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **घरेलू उत्पाद** | | | | | |
| 1 | आधार मूल्यों पर जीवीए | 9709347 | 10469720 | 11168315 | 7.8 | 6.7 |
| 2 | उत्पादों पर निवलकर | 813339 | 887809 | 997166 | 9.2 | 12.3 |
| 3 | जीडीपी (1+2) | 10522686 | 11357529 | 12165481 | 7.9 | 7.1 |
| 4 | एनडीपी | 9337045 | 10080883 | 10803651 | 8.0 | 7.2 |
| | **अंतिम व्यय** | | | | | |
| 5 | पीएफसीई | 5931497 | 6366043 | 6825585 | 7.3 | 7.2 |
| 6 | जीएफसीई | 1072013 | 1102961 | 1290553 | 2.9 | 17.0 |
| 7 | जीएफसीएफ | 3331857 | 3535296 | 3555361 | 6.1 | 0.6 |
| 8 | सीआईएस | 243740 | 263071 | 308426 | 7.9 | 17.2 |
| 9 | बहुमूल्य वस्तुएं | 188334 | 179371 | 118069 | -4.8 | -34.2 |
| 10 | वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात | 2510405 | 2375780 | 2429413 | -5.4 | 2.3 |
| 11 | घटाएं: वस्तुओं और सेवाओं का आयात | 2666744 | 2510401 | 2480531 | -5.9 | -1.2 |
| 12 | विसंगतियां | -88416 | 45407 | 118605 | | |
| 13 | जीडीपी | 10522686 | 11357529 | 12165481 | 7.9 | 7.1 |
| | जीडीपी की दरें | | | | | |
| 14 | पीएफसीई | 56.4 | 56.1 | 56.1 | | |
| 15 | जीएफसीई | 10.2 | 9.7 | 10.6 | | |
| 16 | जीएफसीएफ | 31.7 | 31.1 | 29.2 | | |
| 17 | सीआईएस | 2.3 | 2.3 | 2.5 | | |
| 18 | बहुमूल्य वस्तुएं | 1.8 | 1.6 | 1.0 | | |
| 19 | सामानों और सेवाओं का निर्यात | 23.9 | 20.9 | 20.0 | | |
| 20 | घटाएं सामान और सेवाओं का आयात | 25.3 | 22.1 | 20.4 | | |
| 21 | विसंगतियां | -0.8 | 0.4 | 1.0 | | |
| 22 | जीडीपी | 100.0 | 100.0 | 100.0 | | |
| 23 | जीएनआई | 10398251 | 11222933 | 12028134 | 7.9 | 7.2 |
| 24 | एनएनआई | 9212611 | 9946287 | 10666303 | 8.0 | 7.2 |
| **प्रति व्यक्ति आय, उत्पाद और अंतिम खपत** | | | | | | |
| 25 | जनसंख्या* (मिलियन में) | 1267 | 1283 | 1299 | 1.3 | 1.2 |
| 26 | प्रति व्यक्ति जीडीपी | 83052 | 88523 | 93653 | 6.6 | 5.8 |
| 27 | प्रति व्यक्ति जीएनआई | 82070 | 87474 | 92595 | 6.6 | 5.9 |
| 28 | प्रति व्यक्ति एनएनआई | 72712 | 77524 | 82112 | 6.6 | 5.9 |
| 29 | प्रति व्यक्ति पीएफसीई | 46815 | 49618 | 52545 | 6.0 | 5.9 |

* मध्य वित्तीय वर्ष से संबंधित

*सं.अनुः संशोधित अनुमान अ. अनु.= अग्रिम अनुमान*

**यह प्रेस रिलीज आज अर्थात् 28 फरवरी,2017 सांय 5.30 तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।**

**विवरण 2: राष्ट्रीय आय तथा सकल घरेलू उत्पाद पर व्यय के दूसरे अग्रिम अनुमान वर्ष 2016-17**

**( वर्तमान मूल्यों पर)** **(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | मद | 2014-15 (2रासं.अनु.) | 2015-16 (पहला सं. अनु.) | 2016-17 (2रा अ. अनु.) | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव 2015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **घरेलू उत्पाद** | | | | | |
| 1 | आधारभूत मूल्यों पर जीवीए | 11470415 | 12451938 | 13750786 | 8.6 | 10.4 |
| 2 | उत्पादों पर कर | 963334 | 1223393 | 1500242 | 27.0 | 22.6 |
| 3 | जीडीपी (1+2) | 12433749 | 13675331 | 15251028 | 10.0 | 11.5 |
| 4 | एनडीपी | 11108576 | 12242873 | 13653519 | 10.2 | 11.5 |
| | **अंतिम व्यय** | | | | | |
| 5 | पीएफसीई | 7272782 | 7899520 | 8839537 | 8.6 | 11.9 |
| 6 | जीएफसीई | 1298050 | 1412064 | 1723373 | 8.8 | 22.0 |
| 7 | जीएफसीएफ | 3762477 | 3989219 | 4096637 | 6.0 | 2.7 |
| 8 | सीआईएस | 278411 | 291745 | 319773 | 4.8 | 9.6 |
| 9 | बहुमूल्यवस्तुएं | 209407 | 197256 | 131175 | -5.8 | -33.5 |
| 10 | सामानों और सेवाओं का निर्यात | 2863541 | 2728643 | 2864543 | -4.7 | 5.0 |
| 11 | घटाएं: सामानों और सेवाओं का आयात | 3235965 | 3044917 | 3059370 | -5.9 | 0.5 |
| 12 | विसंगतियां | -14954 | 201801 | 335361 | | |
| 13 | जीडीपी | 12433749 | 13675331 | 15251028 | 10.0 | 11.5 |
| | जीडीपी की दरें | | | | | |
| 14 | पीएफसीई | 58.5 | 57.8 | 58.0 | | |
| 15 | जीएफसीई | 10.4 | 10.3 | 11.3 | | |
| 16 | जीएफसीएफ | 30.3 | 29.2 | 26.9 | | |
| 17 | सीआईएस | 2.2 | 2.1 | 2.1 | | |
| 18 | बहुमूल्यवस्तुएं | 1.7 | 1.4 | 0.9 | | |
| 19 | सामानों और सेवाओं का निर्यात | 23.0 | 20.0 | 18.8 | | |
| 20 | घटाएं: सामानों और सेवाओं का आयात | 26.0 | 22.3 | 20.1 | | |
| 21 | विसंगतियां | -0.1 | 1.5 | 2.2 | | |
| 22 | जीडीपी | 100.0 | 100.0 | 100.0 | | |
| 23 | जीएनआई | 12286319 | 13515551 | 15083417 | 10.0 | 11.6 |
| 24 | एनएनआई | 10961146 | 12083093 | 13485908 | 10.2 | 11.6 |
| 25 | जीएनडीआई | 12691473 | 13928634 | 15496512 | 9.7 | 11.3 |
| 26 | एनएनडीआई | 11366300 | 12496176 | 13899003 | 9.9 | 11.2 |
| **प्रति व्यक्ति आय, उत्पादन और अंतिम खपत** | | | | | | |
| 27 | प्रति व्यक्ति जीडीपी | 98135 | 106589 | 117406 | 8.6 | 10.1 |
| 28 | प्रति व्यक्ति जीएनआई | 96972 | 105343 | 116116 | 8.6 | 10.2 |
| 29 | प्रति व्यक्ति एनएनआई | 86513 | 94178 | 103818 | 8.9 | 10.2 |
| 30 | प्रति व्यक्ति जीएनडीआई | 100169 | 108563 | 119296 | 8.4 | 9.9 |
| 31 | प्रति व्यक्ति पीएफसीई | 57402 | 61571 | 68049 | 7.3 | 10.5 |

* मध्य वित्तीय वर्ष से संबंधित

*सं.अनु: संशोधित अनुमान अ. अनु.= अग्रिम अनुमान*

**यह प्रेस रिलीज आज अर्थात्** 28 **फरवरी**,2017 **सांय** 5.30 **तक प्रकाशित**, **प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।**

**विवरण 3: आर्थिक गतिविधि के अनुसार बुनियादी मूल्य पर जीवीए के दूसरेअग्रिम अनुमान**

(2011-12मूल्यों पर)

**(करोड़ रु. में)**

| उद्योग | **2014-15 (2रा सं. अनु.)** | **2015-16 (पहला सं. अनु.)** | **2016-17 (2राअ. अनु.)** | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशतबदलाव | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **2015-16** | **2016-17** |
| **1.** कृषि**,** वानिकी और मत्स्य पालन | 1,604,259 | 1,616,461 | 1,687,064 | 0.8 | 4.4 |
| 2. खनन एवं उत्खनन | 307,077 | 344,972 | 349,351 | 12.3 | 1.3 |
| 3. विनिर्माण | 1,685,844 | 1,863,835 | 2,007,564 | 10.6 | 7.7 |
| 4.विद्युत, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 213,477 | 224,323 | 239,203 | 5.1 | 6.6 |
| 5. निर्माण | 829,966 | 852,821 | 879,525 | 2.8 | 3.1 |
| 6. व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं | 1,796,490 | 1,988,512 | 2,133,851 | 10.7 | 7.3 |
| 7. वित्त, रिएल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं | 2,070,947 | 2,294,193 | 2,443,633 | 10.8 | 6.5 |
| 8. लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | 1,201,286 | 1,284,603 | 1,428,124 | 6.9 | 11.2 |
| **बुनियादी मूल्यों पर जीवीए** | **9,709,347** | **10,469,720** | **11,168,315** | **7.8** | **6.7** |

*सं.अनुः संशोधित अनुमान अ. अनु.= अग्रिम अनुमान*

**यह प्रेस रिलीज आज अर्थात्** 28 **फरवरी**,2017 **सांय** 5.30 **तक प्रकाशित**, **प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।**

**विवरण 4: आर्थिक गतिविधि के अनुसार बुनियादी मूल्य पर जीवीए के दूसरेअग्रिम अनुमान**
**(वर्तमान मूल्यों पर)**
**(करोड़ रु. में)**

| उद्योग | **2014-15 (2रा सं. अनु.)** | **2015-16 (पहला सं. अनु.)** | **2016-17 (2रासं. अनु.)** | पिछले वर्ष की तुलना में बदलाव **2015-16** | **2016-17** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन | 2,067,935 | 2,172,910 | 2,382,289 | 5.1 | 9.6 |
| 2. खनन एवं उत्खनन | 313,844 | 296,041 | 309,178 | -5.7 | 4.4 |
| 3. विनिर्माण | 1,883,929 | 2,065,093 | 2,278,149 | 9.6 | 10.3 |
| 4.विद्युत, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 279,456 | 321,765 | 338,396 | 15.1 | 5.2 |
| 5. निर्माण | 977,992 | 1,000,459 | 1,064,068 | 2.3 | 6.4 |
| 6. व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं | 2,095,337 | 2,294,367 | 2,538,162 | 9.5 | 10.6 |
| 7. वित्त, रिएल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं | 2,363,328 | 2,632,432 | 2,896,300 | 11.4 | 10.0 |
| 8. लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | 1,488,595 | 1,668,871 | 1,944,243 | 12.1 | 16.5 |
| 9. **बुनियादी मूल्यों पर जीवीए** | **11,470,415** | **12,451,938** | **13,750,786** | **8.6** | **10.4** |

*सं.अनुः संशोधित अनुमान अ. अनु.= अग्रिम अनुमान*

यह प्रेस रिलीज आज अर्थात् 28 फरवरी,2017 सांय 5.30 तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।

**विवरण 5: वर्ष 2016-17 के अक्तूबर-दिसम्बर की तीसरी तिमाही के बुनियादी मूल्यों पर जीवीए के तिमाही अनुमान**

***(2011-12 मूल्यों पर )***

| उद्योग | बुनियादी मूल्यों पर जीवीए (करोड़ रु. में) | | | | | | | | | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2014-15 | | | 2015-16 | | | 2016-17 | | | 2015-16 | | | 2016-17 | | |
| | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 |
| 1. कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन | 362399 | 299433 | 522329 | 371949 | 306430 | 511002 | 378847 | 317976 | 541851 | 2.6 | 2.3 | -2.2 | 1.9 | 3.8 | 6.0 |
| 2. खनन एवं उत्खनन | 83705 | 62114 | 73651 | 93058 | 70769 | 83445 | 92810 | 69877 | 89684 | 11.2 | 13.9 | 13.3 | -0.3 | -1.3 | 7.5 |
| 3. विनिर्माण | 423625 | 419600 | 389320 | 459726 | 462726 | 439181 | 501002 | 494773 | 475618 | 8.5 | 10.3 | 12.8 | 9.0 | 6.9 | 8.3 |
| 4. विद्युत, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 53967 | 53960 | 53449 | 55328 | 57150 | 55662 | 60647 | 59323 | 59435 | 2.5 | 5.9 | 4.1 | 9.6 | 3.8 | 6.8 |
| 5. निर्माण | 206586 | 202729 | 206101 | 216507 | 202639 | 212761 | 220195 | 209434 | 218466 | 4.8 | 0.0 | 3.2 | 1.7 | 3.4 | 2.7 |
| 6. व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं | 430505 | 430982 | 438160 | 476132 | 469341 | 480428 | 515079 | 501864 | 515009 | 10.6 | 8.9 | 9.6 | 8.2 | 6.9 | 7.2 |
| 7. वित्त, रिएल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं | 540020 | 591825 | 459332 | 595075 | 669460 | 507168 | 646730 | 720369 | 523081 | 10.2 | 13.1 | 10.4 | 8.7 | 7.6 | 3.1 |
| 8. लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | 276557 | 312282 | 315211 | 293949 | 334742 | 338722 | 323063 | 371712 | 378944 | 6.3 | 7.2 | 7.5 | 9.9 | 11.0 | 11.9 |
| **बुनियादी मूल्यों पर जीवीए** | 2377364 | 2372925 | 2457553 | 2561723 | 2573258 | 2628370 | 2738372 | 2745328 | 2802089 | 7.8 | 8.4 | 7.0 | 6.9 | 6.7 | 6.6 |

यह प्रेस रिलीज आज अर्थात् 28 फरवरी,2017 सांय 5.30 तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।

**विवरण 6: वर्ष 2016-17 के अक्तूबर-दिसम्बर की तीसरी तिमाही के बुनियादी मूल्यों पर जीवीए के तिमाही अनुमान**

(वर्तमान मूल्यों पर)

| उद्योग | आधारभूत मूल्यों पर जीवीए (करोड़ रु. में) | | | | | | | | | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2014-15 | | | 2015-16 | | | 2016-17 | | | 2015-16 | | | 2016-17 | | |
| | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 |
| 1. कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन | 455932 | 398226 | 678164 | 485990 | 408573 | 704129 | 530017 | 458796 | 765260 | 6.6 | 2.6 | 3.8 | 9.1 | 12.3 | 8.7 |
| 2. खनन एवं उत्खनन | 95527 | 69779 | 73810 | 89314 | 65288 | 70308 | 90434 | 66997 | 78331 | -6.5 | -6.4 | -4.7 | 1.3 | 2.6 | 11.4 |
| 3. विनिर्माण | 473215 | 471742 | 435549 | 511735 | 512290 | 484954 | 564192 | 560513 | 542247 | 8.1 | 8.6 | 11.3 | 10.3 | 9.4 | 11.8 |
| 4. विद्युत, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 70477 | 70411 | 69800 | 77622 | 83329 | 81160 | 85993 | 84116 | 84274 | 10.1 | 18.3 | 16.3 | 10.8 | 0.9 | 3.8 |
| 5. निर्माण | 244516 | 244391 | 242959 | 255674 | 237996 | 250166 | 263652 | 255311 | 265934 | 4.6 | -2.6 | 3.0 | 3.1 | 7.3 | 6.3 |
| 6. व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं | 504844 | 514665 | 511716 | 553109 | 542571 | 556090 | 606127 | 601839 | 616851 | 9.6 | 5.4 | 8.7 | 9.6 | 10.9 | 10.9 |
| 7. वित्त, रिएल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं | 619942 | 693669 | 521007 | 688780 | 772123 | 581002 | 760765 | 864006 | 620964 | 11.1 | 11.3 | 11.5 | 10.5 | 11.9 | 6.9 |
| 8. लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | 339535 | 393026 | 391978 | 379474 | 434803 | 442902 | 439916 | 507171 | 516477 | 11.8 | 10.6 | 13.0 | 15.9 | 16.6 | 16.6 |
| **बुनियादी मूल्यों पर जीवीए** | 2803988 | 2855910 | 2924983 | 3041697 | 3056972 | 3170712 | 3341095 | 3398749 | 3490338 | 8.5 | 7.0 | 8.4 | 9.8 | 11.2 | 10.1 |

This Press Release is embargoed against publication, telecast or circulation on internet till 5.30 pm today i.e. 28th February 2017.

**विवरण 7: वर्ष 2016-17 के अक्तूबर-दिसम्बर की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के अंतिम व्ययों के तिमाहीअनुमान**

*( वर्ष2011-12 के मूल्यों पर )*

| मद | जीडीपी (करोड़ रु. में) | | | | | | | | | जीडीपी की दरें (प्रतिशत में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2014-15 | | | 2015-16 | | | 2016-17 | | | 2015-16 | | | 2016-17 | | |
| | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 |
| 1. निजी अंतिम खपत व्यय (पीएफसीई) | 1424854 | 1427794 | 1513178 | 1495290 | 1522765 | 1615790 | 1602632 | 1600012 | 1778353 | 54.7 | 55.0 | 57.1 | 54.7 | 53.8 | 58.7 |
| 2. सरकारी अंतिम खपत व्यय (जीएफसीई) | 286020 | 313839 | 254581 | 287477 | 325987 | 264070 | 332106 | 375626 | 316595 | 10.5 | 11.8 | 9.3 | 11.3 | 12.6 | 10.5 |
| 3. सकल नियत पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) | 812203 | 808473 | 823732 | 889781 | 908449 | 849912 | 870650 | 860150 | 879763 | 32.6 | 32.8 | 30.0 | 29.7 | 28.9 | 29.1 |
| 4. स्टॉक में परिवर्तन (सीआईएस) | 61248 | 60666 | 56288 | 64888 | 65312 | 61988 | 76970 | 76013 | 73070 | 2.4 | 2.4 | 2.2 | 2.6 | 2.6 | 2.4 |
| 5. बहुमूल्य वस्तुएं | 46596 | 41514 | 40404 | 39168 | 47795 | 45574 | 27049 | 31123 | 28079 | 1.4 | 1.7 | 1.6 | 0.9 | 1.0 | 0.9 |
| 6. निर्यात | 621494 | 626487 | 636698 | 586330 | 599544 | 579567 | 598705 | 594123 | 599231 | 21.5 | 21.6 | 20.5 | 20.4 | 20.0 | 19.8 |
| 7. *घटाएं आयात* | 662517 | 682066 | 682457 | 627805 | 657842 | 612954 | 610997 | 608980 | 640432 | 23.0 | 23.8 | 21.7 | 20.9 | 20.5 | 21.2 |
| 8. विसंगतियां | -55908 | -40945 | 4845 | -3432 | -42752 | 26813 | 30645 | 45378 | -6767 | -0.1 | -1.5 | 0.9 | 1.0 | 1.5 | -0.2 |
| जीडीपी | 2533991 | 2555761 | 2647270 | 2731697 | 2769256 | 2830760 | 2927761 | 2973444 | 3027893 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |
| **जीडीपी**(पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव) | | | | | | | 7.2 | 7.4 | 7.0 | | | | | | |

**विवरण 8: वर्ष 2016-17 के अक्तूबर-दिसम्बर की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के अंतिम व्ययों के त्रैमासिक अनुमान**

**(वर्तमान मूल्यों पर)**

| मद | जीडीपी (करोड़ रु. में) | | | | | | | | | जीडीपी की दरें (%) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2014-15 | | | 2015-16 | | | 2016-17 | | | 2015-16 | | | 2016-17 | | |
| | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 | क्यू1 | क्यू2 | क्यू3 |
| 1. निजी अंतिम खपत व्यय (पीएफसीई) | 1723604 | 1775334 | 1864986 | 1833947 | 1889441 | 2021852 | 2049335 | 2083026 | 2313383 | 57.0 | 56.8 | 58.7 | 57.5 | 56.0 | 60.7 |
| 2. सरकारी अंतिम खपत व्यय (जीएफसीई) | 336076 | 383390 | 312653 | 357503 | 418522 | 343992 | 431910 | 505260 | 427395 | 11.1 | 12.6 | 10.0 | 12.1 | 13.6 | 11.2 |
| 3. सकल नियत पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) | 918613 | 926116 | 930833 | 1008415 | 1022255 | 961932 | 998394 | 994236 | 1017820 | 31.4 | 30.8 | 27.9 | 28.0 | 26.7 | 26.7 |
| 4. स्टॉक में परिवर्तन (सीआईएस) | 69933 | 69715 | 64366 | 72295 | 72374 | 68512 | 79193 | 78676 | 76113 | 2.2 | 2.2 | 2.0 | 2.2 | 2.1 | 2.0 |
| 5. बहुमूल्य वस्तुएं | 51810 | 46159 | 44925 | 45191 | 51996 | 46912 | 30052 | 34577 | 31196 | 1.4 | 1.6 | 1.4 | 0.8 | 0.9 | 0.8 |
| 6. निर्यात | 706872 | 727084 | 732596 | 671293 | 687100 | 677376 | 699930 | 703915 | 715902 | 20.9 | 20.7 | 19.7 | 19.7 | 18.9 | 18.8 |
| 7. *घटाएं आयात* | 800617 | 840840 | 836455 | 757976 | 795275 | 758571 | 747117 | 754000 | 801102 | 23.6 | 23.9 | 22.0 | 21.0 | 20.3 | 21.0 |
| 8. विसंगतियां | -95843 | -47779 | 55729 | -15848 | -22027 | 84770 | 19394 | 71316 | 33028 | -0.5 | -0.7 | 2.5 | 0.5 | 1.9 | 0.9 |
| जीडीपी | 2910448 | 3039180 | 3169633 | 3214820 | 3324384 | 3446775 | 3561090 | 3717007 | 3813735 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |
| **जीडीपी**(पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव ) | | | | | | | 10.8 | 11.8 | 10.6 | | | | | | |

**विवरण 9: वर्ष 2016-17 के अप्रैल-दिसम्बर में बुनियादी मूल्यों पर जीवीए के अनुमान*(2011-12* के मूल्यों पर)**

(करोड़ रु. में)

| **उद्योग** | **2014-15 (2रासं.अनु.)** | **2015-16 (पहला सं. अनु.)** | **2016-17 (2रा अ.अनु.)** | **पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **2015-16** | **2016-17** |
| **1.** कृषि**,** वानिकी और मत्स्य पालन | 1184161 | 1189381 | 1238674 | 0.4 | 4.1 |
| 2. खनन एवं उत्खनन | 219470 | 247273 | 252371 | 12.7 | 2.1 |
| 3. विनिर्माण | 1232545 | 1361634 | 1471393 | 10.5 | 8.1 |
| 4.विद्युत, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 161376 | 168140 | 179405 | 4.2 | 6.7 |
| 5. निर्माण | 615416 | 631907 | 648095 | 2.7 | 2.6 |
| 6. व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं | 1299646 | 1425900 | 1531953 | 9.7 | 7.4 |
| 7. वित्त, रिएल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं | 1591177 | 1771702 | 1890180 | 11.3 | 6.7 |
| 8. लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | 904050 | 967414 | 1073718 | 7.0 | 11.0 |
| **बुनियादी मूल्यों पर जीवीए** | 7207841 | 7763350 | 8285789 | 7.7 | 6.7 |

**विवरण 10: वर्ष 2016-17 के अप्रैल-दिसम्बर में सकल घरेलू उत्पाद के व्ययों के अनुमान(2011-12** के मूल्यों पर)

(करोड़ रु. में)

| **मद** | **2014-15 (2रासं.अनु.)** | **2015-16 (पहला सं. अनु.)** | **2016-17 (2रा अ.अनु.)** | जीडीपी की दरें (प्रतिशत में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **2015-16** | **2016-17** |
| 1. निजी अंतिम खपत व्यय | 4365827 | 4633844 | 4980997 | 55.6 | 55.8 |
| 2. सरकारी अंतिम खपत व्यय | 854440 | 877533 | 1024327 | 10.5 | 11.5 |
| 3. सकल नियत पूंजी निर्माण | 2444408 | 2648142 | 2610563 | 31.8 | 29.2 |
| 4. स्टॉक में परिवर्तन | 178202 | 192188 | 226053 | 2.3 | 2.5 |
| 5. बहुमूल्य वस्तुएं | 128514 | 132538 | 86251 | 1.6 | 1.0 |
| 6. निर्यात | 1884680 | 1765440 | 1792059 | 21.2 | 20.1 |
| 7. *घटाएं आयात* | 2027039 | 1898601 | 1860409 | 22.8 | 20.8 |
| 8. विसंगतियां | -92008 | -19372 | 69256 | -0.2 | 0.8 |
| **जीडीपी** | 7737023 | 8331713 | 8929098 | 100.0 | 100.0 |
| **जीडीपी (**पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव *)* | | **7.7** | **7.2** | | |

यह प्रेस रिलीज आज अर्थात्28 फरवरी,2017 अपराह्न 5.30 तक प्रकाशित, प्रसारित अथवा इंटरनेट पर परिचालित नहीं की जाएगी।

**विवरण 11: वर्ष 2016-17 के अप्रैल-दिसम्बर में बुनियादी मूल्यों पर जीवीए के अनुमान** ***(वर्तमान मूल्यों पर)***

(करोड़ रु. में)

| उद्योग | 2014-15 (2रासं.अनु.) | 2015-16 (पहला सं. अनु.) | 2016-17 (2रा अ.अनु.) | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **2015-16** | **2016-17** |
| **1.** कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन | 1532322 | 1598692 | 1754073 | 4.3 | 9.7 |
| 2. खनन एवं उत्खनन | 239115 | 224909 | 235762 | -5.9 | 4.8 |
| 3. विनिर्माण | 1380506 | 1508979 | 1666952 | 9.3 | 10.5 |
| 4.विद्युत, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 210687 | 242111 | 254383 | 14.9 | 5.1 |
| 5. निर्माण | 731866 | 743836 | 784897 | 1.6 | 5.5 |
| 6. व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं | 1531226 | 1651770 | 1824817 | 7.9 | 10.5 |
| 7. वित्त, रिएल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं | 1834618 | 2041905 | 2245735 | 11.3 | 10.0 |
| 8. लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | 1124540 | 1257178 | 1463565 | 11.8 | 16.4 |
| **बुनियादी मूल्यों पर जीवीए** | 8584882 | 9269382 | 10230183 | 8.0 | 10.4 |

विवरण 12: **वर्ष 2016-17 के अप्रैल-दिसम्बर में सकल घरेलू उत्पाद के व्ययों के अनुमान** ***(वर्तमान मूल्यों पर)***

(करोड़ रु. में)

| मद | 2014-15 (2रासं.अनु.) | 2015-16 (पहला सं. अनु.) | 2016-17 (2रा अ.अनु.) | जीडीपी की दरें (प्रतिशत में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **2015-16** | **2016-17** |
| 1. निजी अंतिम खपत व्यय | 5363924 | 5745240 | 6445744 | 57.5 | 58.1 |
| 2. सरकारी अंतिम खपत व्यय | 1032119 | 1120017 | 1364565 | 11.2 | 12.3 |
| 3. सकल नियत पूंजी निर्माण | 2775562 | 2992602 | 3010450 | 30.0 | 27.1 |
| 4. स्टॉक में परिवर्तन | 204014 | 213181 | 233982 | 2.1 | 2.1 |
| 5. बहुमूल्य वस्तुएं | 142894 | 144098 | 95825 | 1.4 | 0.9 |
| 6. निर्यात | 2166552 | 2035769 | 2119746 | 20.4 | 19.1 |
| 7. *घटाएं आयात* | 2477912 | 2311822 | 2302218 | 23.2 | 20.8 |
| 8. विसंगतियां | -87893 | 46895 | 123737 | 0.5 | 1.1 |
| **जीडीपी** | 9119261 | 9985980 | 11091832 | 100.0 | 100.0 |
| **जीडीपी (**पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव ***)*** | | **9.5** | **11.1** | | |